# भारतीय स्टेट बैंक

## केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई

## विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती
## पद: वरिष्ठ प्रबंधक विधि (अनुबंध आधार पर)
## विज्ञापन संख्या: सीआरपीडी/एससीओ/2016-17/13

| | |
|---|---|
| 1. ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण शुरू होने की तिथि: 22-12-2016 | 2. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि: 07-01-2017 |
| 3. एसबीआई, सीआरपीडी, कॉरपोरेट केंद्र , मुंबई में ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट और साथ में उसके अनुलग्नक प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 15-01-2017 | |

भारतीय स्टेट बैंक, बैंक में निम्नलिखित विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारी पदों पर नियुक्ति करने हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के **''कैरियर खंड''** में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

| क्रम सं. | पद का नाम | रिक्त पद | | | | | पारिश्रमिक | 01.12.2016 को पात्रता मापदण्ड | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अजा | अजजा | अपिव* | सामा. | कुल | | उम्र | अनिवार्य अर्हता | अनुभव |
| 1. | वरिष्ठ प्रबंधक (विधि) | – | – | 1 | 5 | 6 | परिलब्धियों के पैकेज में स्थायी और परिवर्तनशील अंश होंगे, किन्तु उपयुक्त उम्मीदवार के लिए ये सीमितकारी घटक नहीं होंगे. | न्यूनतम 30 वर्ष अधिकतम 45 वर्ष | भारत में किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक तथा संबंधित राज्य के बार काउंसिल का सदस्य. विधि में स्नातकोत्तर उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी. | कम से कम 10 वर्षों का संस्थागत या बार या दोनों का अनुभव जिनमें कम से कम 5 वर्षों का अनुभव टाइटल इंवेस्टिगेशन क्षेत्र में तथा अन्य संबंधित राज्य में संबंधित गतिविधियों का होना चाहिए. एसबीआई/दूसरे बैंकों के पैनल के वकील आवेदन करने के पात्र हैं. |

(i) *अन्य पिछड़े वर्गों (नॉन-क्रीमी लेयर) के उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की आयु में शिथिलता पाने के पात्र हैं.
(ii) चयन शॉर्टलिस्टिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से होगा. उम्मीदवारों को उनकी योग्यता, अनुभव तथा समग्र उपयुक्तता के आधार पर व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे.
(iii) रिक्त पद 3 केंद्रों अर्थात अ) बंगलोर ब) अहमदाबाद और स) कोलकाता के लिए हैं. बैंक के पास अपनी आवश्यकता के अनुसार किसी केंद्र को जोड़ने या हटाने का अधिकार सुरक्षित है.

**अनुबंध की अवधि: 2 वर्ष, जिसे बैंक के विवेक पर और 2 वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है. अनुबंध को किसी भी पक्ष द्वारा एक महीने के नोटिस पर या उसके बदले में एक महीने के पारिश्रमिक की राशि का भुगतान/परित्याग करके समाप्त किया जा सकता है.**

**छुट्टियां:**
एक वित्तीय वर्ष में 30 दिनों की छुट्टियों के पात्र होंगे. छुट्टियां बैंक की स्वीकृति पर एक वित्तीय वर्ष में यथापुपात आधार पर स्वीकार्य होंगी. छुट्टियों को अगले वर्ष में अग्रेणीत नहीं किया जाएगा.

**कार्य का स्वरूप:**
चुने हुए उम्मीदवार को व्यक्तिगत संपत्तियों, फ्लैट्स तथा डेव्लपर प्रोजेक्ट्स के विधिक मूल्यांकन के संबंध में स्वतंत्र रूप से कार्य करना होगा.

**भूमिकाएं और जिम्मेदारियां:**
- संबंधित प्राधिकारियों के साथ जांच-पड़ताल कार्य करना, जिसमें एश्योरेन्सेस के सब-रजिस्ट्रार, रेवेन्यू अधिकारी आदि शामिल हैं.
- टाइटल रिपोर्ट्स/दस्तावेजों/रेवेन्यू रिकॉर्ड्स आदि के मूल्यांकन की सक्षमता.
- सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के ड्राफ्ट बनाना, जिसमें टाइटल जांच रिपोर्ट दर्ज करना तथा बैंक के पक्ष में अपेक्षित सिक्योरिटी की रचना/सटीकता शामिल है.
- टाइटल के हस्तांतरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रॉपर्टी के दस्तावेजों की छानबीन करना.
- ऑनलाइन आरओसी सर्च करना, रजिस्ट्री ऑफिस, कोर्ट तथा संबंधित कार्यालयों के रिकॉर्ड.
- ईसी प्राप्त करना.
- विधिक/वैधानिक क्लियरेन्स, देय राशियों की उपलब्धता/अनुपालन को सुनिश्चित करना.
- बैंक के पैनल के एडवोकेट्स द्वारा प्रस्तुत किए गए टीवीआर की छानबीन करना.
- निरन्तर आधार पर, यथा अपेक्षित अन्य संबंधित क्षेत्रों के बारे में विधिक सलाह प्रदान करना.

**1. आवेदन कैसे करें:**
- उम्मीदवार के पास अपना वैध ई-मेल आईडी होना चाहिए. जो कि परिणामों की घोषणा तक सक्रिय रखा जाना चाहिए. उसके जरिए बुलावा पत्र/साक्षात्कार के लिए सूचना आदि ई-मेल से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**क) ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए निर्देश:**

i) उम्मीदवार से अपेक्षा की जाती है कि वे अपना पंजीकरण ऑनलाइन बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के माध्यम से करें और डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग आदि का प्रयोग कर आवेदन शुल्क का भुगतान करें.

ii) उम्मीदवार पहले तो अपनी नवीनतम फोटो को स्कैन कर उस पर हस्ताक्षर करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो अपलोड न करें और बताए गए तरीके से हस्ताक्षर न करें.

iii) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** पर जाना होगा और '**कैरियर्स**' लिंक में उपलब्ध समुचित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप खोलना होगा.

iv) आवेदन को सावधानीपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरे जाने के बाद, उम्मीदवार को चाहिए कि वह डाटा प्रस्तुत करें. उम्मीदवार यदि एक बार डाटा नहीं भर पाता है, तो वह पहले प्रविष्ट किए गए डाटा को सेव कर सकता है. डाटा सेव हो जाने पर एक अंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बना दिया जाएगा और इसे प्रक्रिया पर दर्शाया गया होगा. **उम्मीदवार को चाहिए कि वह इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रखें.** आवश्यकता होने पर वे पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोगकर सेव किए गए डाटा को फिर से खोल सकते हैं और इनमें संशोधन कर सकते हैं. यह सुविधा मात्र तीन बार के लिए उपलब्ध होगी. आवेदन पूरी तरह से भरे जाने के बाद उम्मीदवार को चाहिए कि वह डाटा प्रस्तुत करे और ऑनलाइन से शुल्क का भुगतान करे.

**ख) शुल्क का भुगतान:**

i) आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (अप्रतिदेय) 600/- रुपए.
ii) शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा.
iii) आवेदन-पत्र में भरे विवरण सही है, यह सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवार को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके पश्चात कोई बदलाव/संशोधन स्वीकार नहीं होगा.
iv) स्क्रीन पर मांगी जा रही जानकारी देते हुए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है. ऑनलाइन लेनदेन शुल्क, अगर कोई हो तो उम्मीदवार द्वारा उसे वहन किया जाएगा.
v) सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई-रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रिकॉर्ड हेतु ले लें.
vi) यदि ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुन: ऑनलाइन पंजीकरण करें और अपना आवेदन विवरण पुन: भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.
vii) ई-रसीद एवं आवेदन पत्र, शुल्क विवरण सहित पुन: प्रिंट करने की सुविधा बाद में उपलब्ध होगी.

**ग) इनकी फोटो प्रतियों सहित आवेदन की प्रतियां (पंजीकृत ऑनलाइन) (i) आई.डी.प्रूफ (ii) जन्म तिथि का प्रमाण (iii) बार काउन्सिल पंजीकरण का प्रमाणपत्र (iv) शैक्षणिक योग्यताएं: अंक तालिकाएं/डिग्री प्रमाणपत्र (v) अनुभव प्रमाण पत्र (vi) संक्षिप्त रेज्यूमे (vii) शुल्क के भुगतान के लिए ई-रसीद (viii) अपिव प्रमाणपत्र (नॉन क्रीमी लेयर क्लॉज के साथ) केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, तीसरी मंजिल, अटलान्टा बिल्डिंग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021 को 15.01.2017 तक डाक भेजें.**
**उक्त तिथि तक ऑनलाइन आवेदन के साथ अपेक्षित दस्तावेजों की फोटो प्रतियां प्राप्त नहीं होने पर, शार्टलिस्टिंग या साक्षात्कार हेतु उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा.**

**घ) सामान्य जानकारी:**

i) आवेदित पद हेतु अपनी पात्रता के बारे में उम्मीदवार स्वयं संतुष्ट होने चाहिए.
ii) जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध-सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत है. जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंक और वित्तीय संस्थाएं भी शामिल हैं, उन्हें अपने नियोक्ता से ''अनापत्ति प्रमाणपत्र'' प्राप्त कर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं होगा और उम्मीदवार को यात्रा भत्ता यदि अन्यथा स्वीकार्य हो, नहीं दिया जाएगा.
iii) चयन होने पर, उम्मीदवारों की नियुक्ति के समय नियोक्ता से 'कार्यमुक्त प्रमाणपत्र' प्राप्त करके प्रस्तुत करना आवश्यक होगा.
iv) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे शुल्क जमा कराने के लिए अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए वगैर ऑनलाइन आवेदन करें ताकि इंटरनेट पर अत्यधिक लोड या वेबसाइट जैम के कारण वेबसाइट में लॉग ऑन में नाकामी/अक्षमता/डिस्कनेक्शन की आशंका से बचा जा सके.
v) उपरोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से परे अन्य किसी कारण से अंतिम तिथि से पहले उम्मीदवार द्वारा अपना आवेदन न जमा करा पाने के लिए एसबीआई उत्तरदायी नहीं होगा.
vi) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि पाया गया कि, उम्मीदवार पात्रता के योग्य नही हैं/अथवा उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या तथ्यों को छुपाया है, तो ऐसे उम्मीदवार की पात्रता रद्द कर दी जाएगी. यदि इस तरह की गड़बड़ियां नियुक्ति उपरांत भी नजर में आती है, तो उस उम्मीदवार की सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी.
vii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-मेल आईडी चालू रखें, ताकि उन्हें सूचनाएं जैसे कि कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना अदि मिल सकें.
viii) पात्रता, साक्षात्कार लेने, अन्य परिक्षाएं तथा चयन के सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा. बैंक द्वारा इस संबंध में किसी तरह के आवेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.
ix) जिन उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, उन्हें भारत में संक्षिप्त मार्ग से वातानुकूलित II टियर (मेल/एक्सप्रेस)या वास्तविक किराए (यात्रा के अन्य तरीके अपनाने पर) का भुगतान किया जाएगा. स्थानीय यात्रा व्ययों का भुगतान नहीं किया जाएगा.
x) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति उन्हें बैंक की अपेक्षा अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने पर होगी. यह नियुक्ति बैंक की सेवा ग्रहण करने के समय बैंक में इस पद हेतु लागू सेवा एवं आचार नियमों के अध्यधीन रहेगी.
xi) इस विज्ञापन तथा उसके प्रत्युत्तर में आवेदन से उत्पन्न किसी दावे या विवाद हेतु कानूनी कार्रवाई मुंबई में ही शुरू की जा सकेगी और केवल मुंबई स्थित न्यायालय/ट्रिब्यूनल/फोरम को ही ऐसे किसी मुद्दे/विवाद को निपटाने का एकल एकमात्र अधिकार होगा.

**स्थान: मुंबई**
**दिनांक: 22.12.2016**

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**